हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री


13 महात्मा गांधी वार्ड और हटकेशर सेमीफाइनल में





14 महानदी मुख्य नहर पर मार्च तक तैयार होगा पुल, 5.34 करोड़ ...












## खबर संक्षेप

### सतनामी समाज की आम बैठक आज

**धमतरी।** माघ पूर्णिमा पर लगने वाले मेले की आवश्यक तैयारी हेतु सतनामी समाज की आम बैठक 25 जनवरी को होगी। ज्ञात हो कि ग्राम देवपुर स्थित डोंगेश्वर घाट में मेला लगता है जहां पर सतनामी समाज का जैतखाम भी है जिसमें झंडा चढ़ाने व रंगरोगन करने सहित सामाजिक अन्य विषयों पर भी चर्चा की जायेगी। यह जानकारी मेला समिति अध्यक्ष अमृत दास सोनवानी ने दी है।

### पुरी में डे-नाइट कबड्डी आज

**पुरी।** ग्राम पुरी में जय मां शीतला कबड्डी दल के तत्वावधान में राज्यस्तरीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 जनवरी को किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10,026 रु, द्वितीय पुरस्कार 6,026 रु, तृतीय पुरस्कार 4,026 रु, चतुर्थ पुरस्कार 2,026 रु एवं प्रवेश शुल्क 301 रुपए रखा गया है। अन्य आकर्षक इनाम भी रखे गए हैं। तैयारी में जय मां शीतला कबड्डी दल के सदस्यगण हेमंत साहू, हुमेश्वर नेताम, रामस्वरूप, शंकरलाल निर्मलकर, कमलकांत जुटे हुए हैं।

### कांटाकुर्रीडीह में डीजे डांस 26 को

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम कांटाकुर्रीडीह में सांस्कृतिक नव चेतना युवा समिति के तत्वावधान में 26 जनवरी को डीजे डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय 700, तृतीय 4000, चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपये रखा गया है। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय 3000, तृतीय 2000 एवं चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपए रखा गया है। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4000, द्वितीय 2500, तृतीय 1500 एवं चतुर्थ पुरस्कार 500 रूपये रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन जागेश्वर साहू करेंगे। यह जानकारी पूर्व उपसरपंच टार्जनदास मानिकपुरी एवं संजय मंडावी ने दी।

### नवागांव में कबीर सत्संग समारोह 25 से

**जीजामगांव।** श्री कबीर सत्संग समारोह का आयोजन सदगुरु कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम नवागांव में 25, 26 एवं 27 जनवरी को किया गया है। कार्यक्रम में सदगुरु कबीर साहेब की वाणियों का प्रचार-प्रसार, मानवीय एकता एवं आत्म कल्याण हेतु सत्संग आयोजित किया जाएगा। समारोह के अंतिम दिवस समाज एवं जनकल्याण के लिए अपने शरीर एवं नेत्र दान करने वाली स्वर्गीय सुश्री अंजनी साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर कबीर पंथ के क्रांतिकारी चिंतक, समाज सुधारक एवं वैराग्यवान गुरुदेव धर्मेंद्र साहेब अपनी संत मंडली सहित पारख संस्थान प्रयागराज से पधार रहे हैं। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। 27 जनवरी मंगलवार को भजन गायक गुरुशरण साहू ग्राम भेंडरी द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

धान की उपलब्धता, सत्यापन के बाद भी किसानों को धान बेचने का मौका नहीं मिल रहा

# सिर्फ चार दिन होगी खरीदी, सात हजार किसानों को टोकन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नए पंजीकृत किसानों के धान सत्यापन का काम तो शुरु कर दिया गया है, लेकिन अब तक उन्हें टोकन देना शुरू नहीं किया गया है। उधर धान खरीदी में मात्र 4 दिन शेष हैं, ऐसे में ये किसान डरे हुए हैं। चार दिन में बचे हुए किसानों का धान लेना मुश्किल है। किसानों ने धान खरीदी का समय बढ़ाने की मांग की है, ताकि सभी किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके।

इस साल धान खरीदी में किसान काफी परेशान हुए। किसानों का सत्यापन और पंजीयन सप्ताह भर पहले ही बंद किया गया। विडंबना यह है कि जिन किसानों का अभी पंजीयन हुआ है, उन्हें अब तक टोकन जारी नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त कई बड़े किसान भी टोकन नहीं कटवा पाए हैं। जानकारी के अनुसार जिले में करीब 7000 हजार किसानों का अब तक टोकन जारी नहीं किया गया है। कई किसानों ने टोकन के लिए एसडीएम के पास आवेदन पेश किया है। इन किसानों के पास धान की उपलब्धता का भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है, लेकिन अब तक टोकन काटना शुरू नहीं किया गया है। उधर धान खरीदी को सिर्फ चार दिन शेष हैं। 25 जनवरी को रविवार, 26 को गणतंत्र दिवस और 31 को शनिवार की छुट्टी है। ऐसे में केवल चार कार्यदिवस ही शेष हैं। ऐसे में इन किसानों को टोकन जारी भी कर दिया जाता है तो सभी का धान खरीद पाना मुश्किल है। किसानों ने धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग की है, ताकि सभी किसान समर्थन मूल्य पर धान बेच सकें।



### जाम से मुक्ति नहीं

खरीदी अंतिम चरण पर पहुंच चुकी है, लेकिन उठाव की रफ्तार नहीं बढ़ी है। इस समस्या के चलते खरीदी केंद्रों में जाम की स्थित है। अभी भी जिले के खरीदी केंद्रों में करीब 34 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। जाम के चलते केंद्रों में खरीदी भी प्रभावित हो रही है। हालांकि मिलर्स द्वारा कम धान के उठाव को देखते हुए संग्रहण केंद्रों में भी धान स्टोर किया जा रहा है।

### टार्गेट में रकबा समर्पण का अड़ंगा

पिछले साल कुल 62 लाख क्विंटल धान की खरीदी गई थी। इस साल 66 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाता, लेकिन अधिकारी किसानों से जबरदस्त रकबा समर्पण करवा रहे हैं। स्थिति यह है कि धान खरीदी केंद्रों में किसानों का धान टोकन में निर्धारित मात्रा से कम निकलता है तो उन्हें घर से धान लाने की अनुमति भी नहीं दी जाती है। इस समस्या के चलते खरीदी कम होने की आशंका है। अभी तक करीब 59 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है।

# दिव्यांगजनों को लोन देकर सक्षम बनाने की योजना असफल

- हितग्राही कर्ज माफी की लगा रहे गुहार
- बांटे गए लोन की आधी राशि भी नहीं हुई वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लोन देकर दिव्यांगों को सक्षम बनाने की योजना का धरातल में हकीकत क्या है , यह शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर में नजर आया। दिव्यांग महिला अपने दो साल के मासूम बच्चे और पति के साथ एक अधिकारी का घंटों इंतजार करती रही। वजह मूलधन राशि जमा करने के बाद ब्याज की राशि से छुटकारा पाने की।

मगरलोड के ग्राम अरौद निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग ललेश्वरी साहू पति अनिल कुमार साहू ने बताया कि समाज कल्याण विभाग में दिव्यांगजन स्वरोजगार योजना के तहत सन 2017-18 में व्यवसाय के लिए एक लाख रूपये की स्वीकृति मिली, जिसमें से उसे 95 हजार रूपये प्राप्त हुए। वह अब तक 96 हजार रूपये जमा कर चुकी है। अभी भी उस पर 40 हजार रूपये बकाया है। सन 2019-20 से लगातार 3 साल तक कोरोना महामारी के कारण दुकान का संचालन नहीं हो पाया जिससे वह बकाया राशि जमा करने में असमर्थ है। ललेश्वरी बताती हैं कि लोन की राशि से सिलाई मशीन लेकर महिलाओं को सिलाई मशीन का प्रशिक्षण देती थी। इसके लिए उपसंचालक समाज कल्याण विभाग को आवेदन भी किया है लेकिन ब्याज की राशि का वसूली नोटिस मिला है। ललेश्वरी ने बताया कि उसका पति कृषि मजदूर है और उनका परिवार भूमिहीन है।



### 1.80 लाख का लोन, आधे की वसूली नहीं

समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सन 2005-06 से 2018-19 तक समाज कल्याण विभाग दिव्यांगजन स्वरोजगार के तहत महिला तथा पुरूष दिव्यांगों को स्वरोजगार के लिए लोन दिया जाता था, जिसमें 50 हजार से कम लोन पर 5 प्रतिशत तथा 50 हजार से अधिक लोन पर 6 प्रतिशत सालाना ब्याज का प्रावधान है। लोन की राशि कन्टीन्यू जमा करने पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाती है। किराना, सायकल स्टोर्स, सिलाई मशीन आदि व्यवसाय के लिए 144 दिव्यांगों को 1.79 करोड़ का ऋण दिया गया है जिसमें से मूलधन की 50 प्रतिशत राशि जमा नहीं की है। कई लोग तो एक भी किस्त जमा नहीं की है। फिलहाल यह योजना बंद है।

# हॉकर से लूटपाट : तीन शातिर लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़े

- 24 घंटे के भीतर हुई कार्रवाई, मोटर साइकिल, मोबाइल फोन, नगद राशि जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद पुलिस ने एक सनसनीखेज लूट का पर्दाफाश किया है। सुबह-सुबह हॉकर को निशाना बनाने वाले तीन शातिर लुटेरे को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। 24 घंटे के भीतर लूट का खुलासा करते हुए शत-प्रतिशत माल बरामद करने के साथ ही मुख्य आरोपी की गुंडा फाइल खोलने एवं जिलाबदर प्रकरण तैयार के लिए एसपी ने निर्देशित किया है। प्रार्थी अनमोल साहू पिता गोकुल राम साहू उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गाड़ाडीह थाना कुरूद जिला धमतरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 21 जनवरी को प्रातः



लगभग 5:30 बजे ऐडवेंचर स्कूल कुरूद के पास पेपर (अखबार) ले जाते समय तीन अज्ञात व्यक्तियों ने, जिनके चेहरे कपड़े से ढंके हुए थे, उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी एवं डंडे से मारपीट कर उसके पास से एक रेडमी 8 ए एवं पोको सी71 मोबाइल फोन (कुल कीमत लगभग 15,000) तथा 2,000 रूपये नगद जबरन लूट लिए।

लूट के दौरान प्रार्थी द्वारा संघर्ष करने पर दो आरोपियों के चेहरे से कपड़ा हट गया, जिनमें से एक की पहचान गौरव उर्फ बंठा यादव पिता त्रिभुवन यादव उम्र 20 वर्ष, निवासी इंदिरा नगर कुरूद में हुई, जबकि तीसरे आरोपी का चेहरा ढंका होने से पहचान नहीं हो सकी। इस घटना के संबंध में थाना कुरूद में धारा 126(2), 309(4) बीएनएस अंतर्गत तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कुरूद पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी गौरव यादव उर्फ बंठा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में शामिल अन्य दो आरोपियों जीत भारती पिता गोपीचंद भारती उम्र 21 वर्ष निवासी सतनामी पारा चरमुड़िया एवं लीलाराम ध्रुव पिता स्व. संतोष ध्रुव उम्र 24 वर्ष निवासी गोंड़पारा कुरूद, थाना कुरूद को चिन्हित कर थाना लाया गया।

कार्यपालन दण्डाधिकारी के समक्ष प्रार्थी से पहचान कराई गई, जिसमें तीनों आरोपियों की पहचान हुई। पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपियों के कब्जे से होंडा लियो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एएस 9336 रेडमी 8ए एवं पोको सी 71 मोबाइल फोन 1,500 रूपये नगद राशि को जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। अपराध में संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर तीनों आरोपियों को धारा 126(2), 309 (4) बीएनएस अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

देवीनवागांव की मड़ई के बाद से लापता था युवक

# सातवें दिन गंगरेल बांध में मिला लापता युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कांकेर जिले के देवीनवागांव की मड़ई के दौरान हुई मारपीट की घटना के बाद से लापता युवक की लाश सातवें दिन गंगरेल बांध से बरामद कर ली गई है। इस मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को हिरासत में लिया है।

उल्लेखनीय है कि बीते 18 जनवरी को देवीनवागांव जिला कांकेर में मड़ई मेला का आयोजन था। किशन मंडावी ग्राम बिरनपुर जिला कांकेर निवासी देवीनवागांव में मेला घूमने आया था। झूला झूलने के दौरान किशन का युवराज जुर्री व अन्य युवकों से विवाद हो गया। उन



सभी ने मिलकर किशन को मेले में दौड़ा-दौड़ाकर जमकर मारपीट की। मोबाइल भी छीन लिया। किशन किसी तरह अपनी जान बचाकर अपने गांव बिरनपुर पहुंच साथी मोहरगन शोरी उम्र 32 वर्ष को घटना की जानकारी दी। मोहरगन अपने साथ गांव के कुछ युवकों को लेकर देवीनवागांव गया। वहां मारपीट करने वाला युवराज नहीं मिला लेकिन उसके पिता दिनेश जुर्री से बिरनपुर के युवकों का सामना हो गया। युवकों को देख दिनेश जुर्री भड़क गया। जिसे देख साथी युवक मोहरगन को छोड़कर वहां से भाग गए। वहां पर फंस गए मोहरगन को कुछ युवकों ने अधमरा होते तक पीटा। इस घटना के बाद से मोहरगन लापता था। मामला पुलिस तक पहुंचा तो इस मामले में पहले युवराज जुर्री का नाम सामने आया। पुलिस ने युवराज व उसके 6 साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि मोहरगन की बेदम पिटाई करने बाद रात्रि में उसे धमतरी जिले के बारगरी गांव ले जाकर नाव में बिठाकर गंगरेल बांध के पानी में तीन किलोमीटर अंदर ले गए। युवक के पैर में पत्थर बांधकर बांध में फेंक दिया। परिजन पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए कांकेर एसपी ने पुलिस व गोताखोरों को बांध में सर्च आपरेशन करने निर्देशित किया। घटना के बाद से पुलिस व गोताखोर की टीम लगातार बांध में युवक के शव को लाश कर रहे थे लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल रही थी। लगातार चले सर्चिंग आपरेशन के सातवें दिन टीम को गंगरेल बांध के पानी में युवक का शव बरामद किया है। पुलिस शव के पंचनामा के बाद आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि सभी सात आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# सिंचाई विभाग में खेल प्रतियोगिता की धूम





- क्षेत्रीय राज्यस्तरीय खेलकूद में पहुंचे राज्य भर से खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब में अंतर क्षेत्रीय राज्य स्तरीय खेलकूद का शुभारंभ शनिवार को हुआ। यह खेलकूद प्रतियोगिता 27 जनवरी तक चलेगी। 28 को समापन और पुरस्कार वितरण होगा।

इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चारों जोन बस्तर जोन, सरगुजा जोन, रायपुर जोन एवं बिलासपुर जोन के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सभी जोन से पहुंचे प्रतिभागियों के कारण प्रतियोगिता को व्यापक स्वरूप प्राप्त हुआ है। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि जल संसाधन विभाग सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो रहे। अध्यक्षता विभाग के प्रमुख अभियंता एवं मुख्य संरक्षक इन्द्रजीत उइके ने की। विशिष्ट अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी थे। मुख्य अतिथि राजेश सुकुमार टोप्पो ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता कर्मचारियों में अनुशासन, आपसी सहयोग, टीम भावना और कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक मानसिकता ही बेहतर कार्य निष्पादन का आधार है। अध्यक्षीय उद्बोधन में इन्द्रजीत उइके ने कहा कि इस प्रकार के राज्यस्तरीय आयोजन विभागीय एकता को मजबूत करते हैं तथा विभिन्न जोन के बीच आपसी समन्वय को बढ़ावा देते हैं। प्रतियोगिता अंतर्गत एथलेटिक, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबाल, शतरंज सहित विभिन्न खेल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं खिलाड़ियों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था धमतरी टीम द्वारा की गई है। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता क्षेत्रीय प्रांत अध्यक्ष सदाशिवराव एवं क्षेत्रीय सचिव गोपाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है। आयोजन को सफल बनाने में स्पोर्ट्स क्लब, आयोजन समिति, जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं धमतरी प्रशासन का योगदान है।

## खबर संक्षेप

### देवव्रत का उप अभियंता पद पर चयन

**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत पलारी के देवव्रत साहू पिता जेठानंद साहू का चयन सीजी व्यापम के माध्यम से उप अभियंता



जल संसाधन विभाग जिला नारायणपुर में हुआ है। उनके पिता ने बताया कि देवव्रत बचपन से ही कुशल बुद्धि एवं निष्ठावान हैं। उन्होंने शिशु मंदिर पलारी से नवोदय विद्यालय, बोराई से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सिविल इंजीनियरिंग नीट रायपुर से की। इनके चयन पर देवव्रत साहू, डॉ. नारद साहू, लीलाधर साहू, फकीरचंद साहू, डॉ. रेवतीरमन साहू, नंदराम साहू ने हर्ष जताया है।

### बजरंग चौक में होगा वनयात्रियों का स्वागत

**नगरी।** वन बंधु परिषद एवं फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल समिति रायपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आज एकल विद्यालय एवं श्रृंगी ऋषि दर्शन वनयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस वनयात्रा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे शहरी समाजसेवी एवं सेवाभावी नागरिक शामिल होंगे। आयोजन के तहत यात्रा का प्रथम विश्राम बजरंग चौक नगरी में होगा। इस अवसर पर एकल संच नगरी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे वनयात्रियों का पुष्पवर्षा, तिलक कर स्वागत किया जाएगा।

### गिरौद में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ 30 से

**मगरलोड।** ग्राम गिरौद में साहू परिवार द्वारा स्व. श्रीमती निर्मला साहू की प्रथम स्मृति में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। भगवताचार्य स्वामी मुक्तानंद पुरी श्री हरकेशपुरी आश्रम टोडरपुर मुंडावर जिला ख़ैरयल अलवर राजस्थान होंगे। 30 जनवरी शुक्रवार को महात्मय भीम स्तुति, सृष्टि वर्णन, कपिल जन्म, 31 जनवरी शनिवार को कपिलोपाख्यान, ध्रुव स्तुति , भरत चरित्र, 1 फरवरी रविवार को गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, 2 फरवरी को अंबरीश कथा, श्रीकृष्ण अवतार, नंद उत्सव, 3 फरवरी को बाल लीला, कंस वध, 4 फरवरी को रुक्मिणी विवाह , सुदामा चरित्र, 6 फरवरी को योगेश्वर संवाद, अवधूत गीता, परीक्षित मोक्ष एवं महाप्रसादी होगा। कथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। कार्यक्रम की तैयारी में भागवत साहू, टलेश्वर साहू, खोमेश्वरी साहू, हरिशंकर साहू, भुनेश्वरी, गजेंद्र साहू, गणेश्वरी साहू, सच्चिदानंद साहू, लक्ष्मी साहू, सात्विक साहू, गौरव, कृतार्थ, भार्गव साहू जुटे हुए हैं।

### निधन

### ढेला बाई साहू

**धमतरी।** ग्राम भटगांव की श्रीमती



ढेला बाई साहू 85 वर्ष का निधन हो गया है। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन शामिल हुए। वे स्व. थानसिंह, राजकुमार तथा भूषण साहू की मां थीं।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री तोमेश्वर पिता मनहरण एवं अन्य दो भू-स्वामी जाति रावत निवासी ग्राम भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी से उनके स्वामीत्व एवं अधिपत्य पर ग्राम भखारा प.ह.न. 18 तहसील भखारा जिला धमतरी स्थित भूमि खसरा नं. 158 रकबा 0.17 हे. व खसरा नं. 76/1 का टुकडा रकबा 0.23 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.40 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है। जिसका मात्र पंजीयन / रजिस्ट्रीय किया जाना शेष रहा है उक्त क्रय-विक्रय में यदि किसी व्यक्ति,बैक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अपने अधिवक्ता व स्वयं के द्वारा इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रयपत्र कि लिखा पढी एवं रजिस्ट्रीय करा ली जावेगी एवं उस दशा मे प्राप्त आपत्ति झूठा एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। अतः सादर सूचना जाने।

दिनॉक 24.01.2026

धामूराम साहू (अधिवक्ता)
पता- वार्ड क्रमांक 7 मंडी रोड ,शॉप क्र. 03 नगर पंचायत भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग.
मो. नं. 9827597255

अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर उमरगांव में गुप्त नवरात्रि मनाई जा रही

# शतचंडी महायज्ञ से निःसंतान दंपतियों को मिला संतान सुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर उमरगांव में गुप्त नवरात्रि पर शतचंडी महायज्ञ का महाआयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र में आस्था का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां माता रानी के असंख्य भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु सहभागिता कर रहे हैं। इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातःकाल शतचंडी पाठ, तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से दस महाविद्या पूजन, शतचंडी यज्ञ, महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान विद्वान यज्ञाचार्यों के सान्निध्य में पूर्ण वैदिक विधि से संपन्न कराए जा रहे हैं।

मंदिर परिसर में माता दुर्गा के समक्ष भक्तों की आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है, जहां 208 मनोकामना तेल ज्योति एवं 8 घृत ज्योति भक्तजनों द्वारा प्रज्वलित की गई हैं। श्रद्धालु यज्ञ में आहुति प्रदान कर मातारानी से सुख-समृद्धि, संतान प्राप्ति, विवाह बाधा निवारण एवं जीवन की विभिन्न समस्याओं से मुक्ति की कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर अष्टभुजी शक्तिपीठ के प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि यह आयोजन विगत 10-11 वर्षों से निरंतर अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर में संपन्न कराया जा रहा है। यह क्षेत्र का प्रथम एवं विशिष्ट शतचंडी महायज्ञ है, जिसके माध्यम से हजारों भक्तों को प्रत्यक्ष लाभ की अनुभूति हुई है। उन्होंने बताया कि यहां अनेक निःसंतान दंपतियों को संतान सुख प्राप्त हुआ है, वहीं विवाह में बाधा झेल रहे वर-कन्याओं के विवाह भी सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। शतचंडी पाठ एवं यज्ञ से सभी प्रकार के ग्रह-दोष, तंत्र-बाधा एवं नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। रोग, शोक, दरिद्रता एवं भय से मुक्ति मिलती है।

परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि का वास होता है। भक्त के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने आगे बताया कि दस महाविद्या पूजन काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी एवं कमला सभी शक्तियों का संयुक्त स्वरूप है। यह पूजन साधक को आत्मिक बल, बुद्धि एवं साहस प्रदान करता है। शत्रु बाधा, न्यायिक एवं मानसिक कष्टों से मुक्ति दिलाता है। बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा एवं विशेष हवन किया गया। विद्यार्थियों के शिक्षा एवं बौद्धिक विकास हेतु विशेष आहुतियां प्रदान की गईं।

# आदिवासी कन्या आश्रम के बाउंड्रीवाल निर्माण में घटिया ईंट का उपयोग

- ग्रामीणों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



आदिवासी कन्या आश्रम शाला सिहावा स्कूल को सुरक्षित रखने के लिए शासन द्वारा बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए लाखों रुपए स्वीकृत किये गए है। टेंडर के माध्यम से ठेकेदार को काम दिया गया है ।वहीं निर्माण कार्य को देखने से गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निर्माण कार्य में मानकों के विपरीत घटिया एवं कमजोर गुणवत्ता की ईंटों के उपयोग का आरोप लगाया जा रहा है, जिससे कार्य की मजबूती और टिकाऊपन पर संदेह उत्पन्न हो गया है। स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों का कहना है कि छात्रावास जैसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण शासकीय भवन में इस प्रकार की लापरवाही छात्राओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। निर्माण स्थल पर बड़ी संख्या में ऐसी ईंटें देखी गई हैं जो पहले से ही टूट-फूट की स्थिति में हैं तथा मानक मापदंडों पर खरी नहीं उतरतीं।

ग्रामीणों ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की तकनीकी जांच की मांग की है। साथ ही दोषी ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी उठ रही है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में यह भवन जल्द ही क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ छात्राओं की सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# राम के दीवाने युवा संगठन ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अमलीडीह(भखारा)

ग्राम तर्रागोंदी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। अतिथि श्रीमती पूजा सिन्हा सभापति जिला पंचायत धमतरी, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, सतीश जैन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, अनिलराव शिंदे सरपंच सिलौटी, चोवाराम साहू थे। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मौके पर गोविंदराम साहू सीआरपीएफ व अभिषेक निषाद पीटीआई ट्रेनर इंस्ट्रक्टर एवं आदित्य मेश्राम का ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पद पर चयन होने पर राम के दीवाने युवा संगठन तर्रागोंदी द्वारा सम्मानित किया गया।

# छात्रों ने करके देखो, सीखो, समझो की अवधारणा प्रस्तुत की

- माध्यमिक शाला बोड़रा में एफएलएन मेला व वार्षिक उत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





माध्यमिक शाला बोड़रा में एफएलएन बाल मेला, विज्ञान प्रदर्शनी एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी हरीश गोलू मालू रहे। विशेष अतिथि केआर साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी, रोहित कुमार बोरझा सीईओ, जनपद पंचायत नगरी, फरसियां सरपंच टेकाम, बोड़रा सरपंच शत्रुघ्न नाग तथा रामसिंह साहू अमाली थे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर पुजारी ने की।

अतिथियों ने विद्यालय के सुव्यवस्थित प्रबंधन, हरित वातावरण, शैक्षणिक नवाचारों एवं विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडलों की प्रशंसा की। सीईओ रोहित कुमार बोरझा ने कहा कि विद्यालय की निरंतर प्रगति का सबसे बड़ा कारण शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, ग्रामवासियों, स्व-सहायता समूहों और शाला प्रबंधन समिति की संयुक्त भागीदारी है, जो इसे अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय बनाती है।

प्रथम दिवस 22 जनवरी को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एफएलएन बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी हुई। कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, हिंदी, अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान से जुड़े विविध स्टॉल लगाए, जिनमें करके देखो, सीखो, समझो की अवधारणा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा दक्षता, विज्ञान प्रयोगों एवं सोच-विचार पर आधारित गतिविधियों ने पालकों का ध्यान आकर्षित किया। 23 जनवरी को विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों से भरपूर सराहना मिली।

प्रधानपाठक महेंद्र कुमार बोरझा ने बताया कि यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि समुदाय के सहयोग से शिक्षा को व्यवहारिक, आनंददायक एवं प्रभावी बनाने का प्रयास है, जो बच्चों में नवाचार, वैज्ञानिक सोच और जीवन कौशल विकसित करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

# भंवरमरा में आज मनेगी गुहा जयंती

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम भंवरमरा में निषाद समाज द्वारा 25 जनवरी रविवार को गुहा जयंती मनाई जायेगी। इस अवसर पर अनुराग मानस परिवार कठौली राजिम, राजहंस मानस परिवार सोनसायटोला अंबागढ़ चौकी, जय बजरंग मानस परिवार हिर्री ओडिशा एवं श्री तुलसी के फूल पंडवानी पार्टी मड़ेली छुरा की प्रस्तुति होगी। उद्घाटन एवं दीप प्रज्वलन के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर होंगे। अध्यक्षता श्रीमती झामिन बाई निषाद सरपंच करेंगी। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मोनिका देवांगन जिला पंचायत सदस्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष गंगरेल अनीता ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी होंगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता श्रीमती विद्या देवी साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य धमतरी करेंगी। विशिष्ट अतिथि पेखनलाल साहू महामंत्री किसान कांग्रेस धमतरी, डॉ अशोक नागवंशी पूर्व सरपंच भंवरमरा, इंदलराम ठाकुर पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष भंवरमरा, कांशीराम साहू कोषाध्यक्ष ग्राम विकास समिति भंवरमरा, अरुण कुमार ध्रुव उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति एवं शिवदयाल नेताम होंगे। मंच संचालन खुमान निषाद एवं राममिलन साहू करेंगे। तैयारी में महेंद्र निषाद, हरवंश निषाद,लोकनाथ निषाद, भारत निषाद, पवन निषाद, चिंताराम निषाद जुटे हुए हैं।

# कॉलेज में बसंत पंचमी मनाई गई



**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के ग्रंथालय विभाग में बसंत पंचमी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन वंदन किया। प्राचार्य ने बसंत ऋतु के आगमन एवं विद्या की देवी मां सरस्वती के जन्मोत्सव के प्रतीक बसंत पंचमी के महत्व एवं परंपराओं पर विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

नेताजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, उनके आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

# कुरुद प्रेस क्लब ने मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



आजाद हिंद फौज के संस्थापक व स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129 वीं जयंती कुरूद प्रेस क्लब ने अपनी परंपरा अनुरूप मनाई। पत्रकारों, नेताओं, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों, विद्यार्थियों, समाजसेवियों सहित विभिन्न वर्ग के लोग शामिल होकर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

शुक्रवार को कुरुद प्रेस क्लब ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई। सभी सदस्य तहसील कार्यालय के पास एकत्रित हुए जहां स्थापित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की आदमकद प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान सभी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस अमर रहे , भारत माता की जय के नारे लगाए। क्लब के संरक्षक कृपा राम यादव ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सिर्फ प्रतिमा ही नहीं है बल्कि हमारे देश की आजादी के प्रणेता, राष्ट्र भक्त और आदर्श भी हैं जिनकी प्रेरणा युवाओं को लेनी चाहिए।

इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, भाजपा नेता शिवप्रताप ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि भानू चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकान्त साहू, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा, पार्षद मनीष साहू, सीतेश सिन्हा, अधिवक्ता एलपी गोस्वामी, प्रदीप यादव, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, यशवंत साहू, थानेश्वर तारक, ईश्वरी तारक, व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, महेश केला, हरीश केला, खिलेंद्र चन्द्राकर, शंशाक कृदत्त, प्रमोद शर्मा, विकास चन्द्राकर, संजू चंद्राकर, बादल चंद्राकर, संतोष ध्रुव, बाबूलाल साहू, कमलेश चंद्राकर, राजेश शर्मा, लेखराज चंद्राकर, राजेश पांडे, भूखन सेन एवं प्रेस क्लब के संरक्षक कृपाराम यादव, अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा, महासचिव धनसिंह सेन, पूर्व अध्यक्ष जमाल रिजवी, अजय केला, गणेश साहू, रवि शर्मा, चंदन शर्मा, दीपक साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## अंचल की खबरें

### खिसोरा में मानसगान का समापन



**नगरी।** ग्राम खिसोरा में आयोजित तीन दिवसीय मानसगान का समापन श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक उल्लास के वातावरण में हुआ। सम्मेलन के दौरान मानसगान कथा के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों तथा सामाजिक एकता का सुंदर और प्रेरणादायी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य टीकाराम कंवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड वीरेंद्र साहू, खिसोरा सरपंच राखी साहू, रोहित मोहन साहू, शमीना साहू, त्रिरूपमा साहू, हिरामन ध्रुव, रोहित यादव, भवानी यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### बसंत पंचमी पर उमरगांव स्कूल में विद्यारंभ संस्कार हुआ



**नगरी।** बसंत पंचमी पर देशभर में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की आराधना पूरे श्रद्धा-भाव से की गई। इसी कड़ी में ग्राम उमरगांव स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या आरंभ संस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें नौनिहालों ने औपचारिक रूप से शिक्षा जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ उपस्थित रहीं और अपने बच्चों को विद्या की ओर अग्रसर करने का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विद्या आरंभ संस्कार के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बच्चों को अक्षर ज्ञान कराया गया। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर शिक्षा, संस्कार और सद्बुद्धि की कामना की गई। विद्यालय परिवार ने शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### अंवरी स्कूल में बसंत पंचमी मनाई गई



**अंवरी।** शाउमावि अंवरी में बसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। पूजा स्थल को फूलों से सजाया गया था। मां की आरती कर सभी के कुशल मंगल की कामना की गई । प्राचार्य नरेन्द्र मेश्राम ने बसंत पंचमी पर्व व उनके महत्व के बारे में छात्रों को जानकारी दी। मौके पर व्याख्याता पीएन साहू, आईआर साहू, केएल यादव, लालबहादुर साहू, पूर्णानंद सारंग, प्रधानपाठक बीपी जोशी, शिक्षक योगेश साहू, लक्ष्मीकांत साहू, सौरभ पटेल, दिलीप कुमार जोशी, व्याख्याता केएल घोघरे, पी. सिन्हा, स्वाति टण्डन, वत्सला चन्द्राकर, गीता जांगड़े, शिक्षक रेखा, मसराम, विज्ञान सहायक शिक्षक डीके साहू, राम्हू ध्रुव, झनक लहरे, पी. डहरे, नरसिंग नेताम व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बच्चों ने बंगाली, बस्तर गीत पर दी अनुपम प्रस्तुति



**नगरी।** प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला नवागांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि अनिभा अग्रवाल प्राचार्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा, विशिष्ट अतिथि जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी, संकुल समन्वयक दिनेश कुमार ताम्रकार, मिनेश्वरी पुजारी व विशेष अतिथि नगीना सोम सरपंच भोथली थी। अध्यक्षता तुलसीराम कश्यप शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नवागांव ने की। बच्चों ने बंगाली गीत, बस्तर गीत, देशभक्ति गीत के साथ प्रहसन की प्रस्तुति दी। मौके पर नारायण सिंह, मिनेश्वरी पुजारी, तुलसीराम कश्यप, मानक लाल, लख लाल, शिक्षक भगवान सिंह गौर, श्रीमती कंचन साहू, श्रीमती गोदावरी साहू, दीपचंद साहू, एसबी मिर्जा, कृष्णकुमार साहू, कमलेश कुमार साहू, ईश्वर राम पटेल, निकेश, राजेंद्र कुमार नेताम, रामबाई, श्रीमती ममता मरकाम, राजेश्वरी देवदास, सावित्री मरकाम उपस्थित थे।

### जोरातराई में तालाब गहरीकरण के लिए हुआ भूमिपूजन



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं में अजय चन्द्राकर विधायक कुरुद की अनुशंसा पर रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत स्वीकृत बंधिया तालाब गहरीकरण 9.99 लाख व नवीन तालाब गहरीकरण 9.99 लाख के लिए भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू सरपंच, रामस्वरूप साहू, गोविन्द सिंह राजपूत, ईश्वर निषाद उपसरपंच, मानक साहू, नेमी साहू, मनहरण पाल, प्यरेलाल पाल, गोपाल राजपूत, पंचगण बिन्दु निर्मलकर, पंचबती निषाद, राकेश पाल, देवनारायण साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीपीएल सीजन-7 रोमांचक मोड़ पर पहुंचा

# महात्मा गांधी वार्ड और हटकेशर सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी विधानसभा स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता डीपीएल सीजन-7 अब अपने निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में मिशन ग्राउंड में आयोजित इस बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता में दर्शकों को लगातार रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं।

क्वार्टर फाइनल चरण के अब तक खेले गए मुकाबलों में महात्मा गांधी वार्ड और हटकेशर वार्ड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं शेष दो सेमीफाइनल स्थान के लिए शनिवार को मुकाबले हुए।



### हटकेशर की मजबूत जीत, सेमीफाइनल का टिकट पक्का

दिन का अंतिम और दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला हटकेशर वार्ड और अंबेडकर वार्ड के बीच खेला गया। हटकेशर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 76 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंबेडकर वार्ड की टीम निर्धारित ओवरों में 63 रन ही बना सकी।

### महात्मा गांधी वार्ड ने खिताबी दावेदार को किया बाहर

इसके बाद खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में साल्हेवारपारा और महात्मा गांधी वार्ड की टीमें भिड़ीं। साल्हेवारपारा, जिसे टूर्नामेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, 10 ओवर में केवल 46 रन पर ऑलआउट हो गई। महात्मा गांधी वार्ड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए महज दो विकेट गंवाकर 49 रन बनाकर 8 विकेट से आसान जीत दर्ज की। इस मुकाबले में तरुण ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में मात्र आठ रन देकर तीन विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

**रिसाईपारा की दमदार जीत, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह**

23 जनवरी शुक्रवार की रात्रि खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल के अंतिम मुकाबले में मकेश्वर वार्ड और रिसाईपारा आमने-सामने थे। मकेश्वर वार्ड की टीम 10 ओवर में 72 रन बनाकर सिमट गई। जवाब में रिसाईपारा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मात्र एक विकेट खोकर 77 रन बनाते हुए मुकाबला 9 विकेट से अपने नाम कर लिया।

इस मैच में शुभम ईदनानी ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए नाबाद 41 रन बनाए और गेंदबाजी में दो विकेट भी झटके, जिसके चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ रिसाईपारा ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इस तरह हटकेशर वार्ड ने 13 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। खेमलाल महिलांगे ने 25 रनों की उपयोगी पारी खेली, जिसमें एक चौका और तीन छक्के शामिल रहे, और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# हटकेशर मुख्य मार्ग पर पाइपलाइन में लीकेज



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हटकेशर वार्ड के मुख्य मार्ग पर पेयजल पाइपलाइन का लिकेज वार्डवासियों को डरा रहा है। निगम तथा पार्षद से शिकायत के बाद भी पांच महीने से लीकेज को सुधारा नहीं जा सका है। निगम की कार्यशैली को लेकर लोगों में नाराजगी है।

हटकेशर, सुभाष नगर निवासी संतोष देवांगन, सविता ध्रुव, संजय गुप्ता, संतोष सेन ने बताया कि नागदेव मंदिर चौक के पास हटकेशर मुख्य मार्ग में मुजगहन से तालाब में पानी सप्लाई के लिए पाइपलाइन की खुदाई के दौरान पेयजल पाइपलाइन में लीकेज हो गया है। बारिश में की गई सड़क खुदाई से आज भी लोग परेशान हैं। पेयजल पाइपलाइन में लीकेज होने से रोड में व्यर्थ पानी बहता रहता है। लीकेज के माध्यम से मिट्टी और गंदगी पानी में पहुंच रही है जिससे लोगों में बीमारी का डर बना हुआ है।

### उबड़-खाबड़ सड़क से हादसा

हटकेशरवासियों ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को मलबा से पाटा गया है जिससे सड़क उबड़ खाबड़ हो गई है। इससे लोगों को चोटिल होकर अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराना पड़ा है। हटकेशर सुभाष नगरवासियों ने रास्ता का समतलीकरण करने तथा पेयजल पाइपलाइन को तत्काल दुरूस्त कराने की मांग निगम प्रशासन से की है।

### सफाई अभियान की जरूरत

नगरवासी अशोक पटेल, जगतराम साहू, भागीरथी ध्रुव आदि ने बताया कि शहर सहित वार्डों में नाली सफाई अभियान चलाने की जरूरत है। नालियां गंदगी से बजबजा रही है। सफाई कर्मी नाली के ऊपर मौजूद कचरा को निकालकर चले जाते हैं। निगम को नालियों की समुचित सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत है।

निगम तथा पार्षद से इसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं। निगम की लापरवाही किसी की जान पर बन सकती है।

# जिला देवांगन समाज आज मनाएगा परमेश्वरी महोत्सव

- विभिन्न झांकियों के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

जिला देवांगन समाज द्वारा जिला स्तरीय मां परमेश्वरी महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन 25 जनवरी रविवार को देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में किया जायेगा। देवांगन समाज की आराध्य देवी मां परमेश्वरी की जयंती मनाने इस बार काफी भव्य रूपरेखा तैयार की गई है। जिला देवांगन समाज, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ एवं मंडल देवांगन समाज द्वारा विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन करते हुए भव्य



शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 10 बजे से मां परमेश्वरी की शोभायात्रा धमतरी की पुरानी कृषि उपज मंडी से होते हुए देवांगन धर्मशाला पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में मां परमेश्वरी के सेवा गीत, बस्तर नृत्य, डीजे धुमाल की प्रस्तुति होगी। दोपहर 12 बजे मां परमेश्वरी के सेवा गीतों के साथ विधिवत पूजन, आरती संपन्न की जायेगी। 2 बजे अतिथि सत्कार के साथ ही सम्मान समारोह संपन्न होगा। दोपहर 3 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

# वंदेमातरम स्कूल में विद्यारंभ संस्कार हुआ



**धमतरी।** वंदेमातरम स्कूल में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का विधि-विधान से पूजन एवं हवन हुआ। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की आराधना कर ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि की कामना की। इस अवसर पर नवागंतुक विद्यार्थियों का उनकी माताओं द्वारा विधिवत विद्यारंभ संस्कार कराया गया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार की यशोदा साहू द्वारा किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने बैंड के साथ महाआरती प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा राठी ने विद्यार्थियों, स्टाफ एवं गणमान्य नागरिकों से भारतीय सनातन संस्कृति के मूल्यों को अपनाने और जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

# रामसागरपारा में श्रीमद् भागवत महापुराण का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गौरव पथ स्थित रामसागरपारा में कन्हैयालाल साहू परिवार के तत्वावधान में 16 से 24 जनवरी तक आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ समापन हुआ। कथावाचक पंडित हरिशरण वैष्णव को सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें वार्डवासियों व शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। परीक्षित के रूप में श्रीमती मंजू साहू, मनीष साहू, श्रीमती दुर्गा साहू एवं योगेंद्र कुमार साहू रहे। विशाल महाप्रसादी एवं भंडारे का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर आयोजन परिवार के मुखिया कन्हैयालाल साहू का 64वां जन्मदिन भगवान को 64 पाउंड का केक समर्पित कर मनाया गया, जिसे प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, महापौर रामू रोहरा, पार्षद श्रीमती चंद्रभागा साहू, पूर्व पार्षद कुलेश सोनी, सभापति राजेंद्र शर्मा, अनीता ध्रुव, साहू समाज के जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू, कमलेश साहू, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव एवं श्रीमती बबली साहू सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। श्री साहू ने श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# अंचल की खबरें

## बंजारी में 28 से क्रिकेट प्रतियोगिता

**धमतरी।** ग्राम बंजारी में मासूम इलेवन किक्रेट क्लब व्दारा पांच दिवसीय ग्रामीण व वार्ड स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 28 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित की गई है। प्रथम पुरस्कार 30,000 रू. द्वितीय पुरूस्कार 15,0000 रू., तृतीय पुरस्कार 5000 रू., चतुर्थ पुरस्कार 3000 रू. दिया जायेगा। इस आयोजन में 32 टीमें भाग लेंगी। यह जानकारी रूपेन्द्र साहू सचिव, रूपेन्द्र साहू, उमेश्वर मरकाम ने दी।

## मड़ेली में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा पर कलशयात्रा निकली





**जीजामगांव।** यारों की यारी यूथ ग्रुप एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ेली के बाजार चौक में स्थित श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी गुरुवार को भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के 2 वर्ष पूर्ण होने पर गांव की सुख शांति और समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकली गई जिसमें महिला एवं बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे गांव में श्रीरामजी के जयकारे गूंजे रहे। दोपहर 12 बजे से महायज्ञ हुआ। महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध स्टार गायक अनुराग शर्मा स्टार नाइट एवं लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति हुई।

## अटंग में मानसगान सम्मेलन 30 जनवरी से

**सिर्री।** ग्राम अटंग में युवा संघर्ष समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय संगीतमय मानसगान यज्ञ एवं सम्मेलन का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक किया गया है। पदाधिकारी रोशन लाल चंद्राकर अध्यक्ष, रुद्रनाथ साहू, उपाध्यक्ष, कुलेश्वर साहू कोषाध्यक्ष, डॉ द्वारिका साहू संरक्षक, धूषण लाल साहू सचिव ने बताया कि मानसगान सम्मेलन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। 25 मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी। ग्रामवासियों के लिए श्रेष्ठ श्रोता पुरस्कार, रंगोली सजावट, आरती, दीप सजावट प्रतियोगिता पर आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। 2 फरवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय मां खल्लारी नाचा पार्टी हिन्छापोढिया महासमुंद की प्रस्तुति होगी।

## सोनेवारा में गुहा जयंती पर मानसगान 26 से

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषादराज जयंती 26 व 27 जनवरी को मनाई जाएगी। जयंती पर दो दिनी मानसगान सम्मेलन रखा गया है। 26 जनवरी सोमवार को दीप प्रज्ज्वलित एवं कलश यात्रा, दोपहर 1 बजे से अमृत संदेश मानस मंडली सोनेवारा, श्री राधे मानस मंडली रायपुर की प्रस्तुति होगी। 27 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे से श्री जानकी बालिका मानस मंडली सोनेवारा, अंजनी नंदन मानस मंडली धमनी गरियाबंद, अर्चना महिला मानस मंडली करेली बड़ी, परमेश्वर मानस मंडली सेमहरतरा महासमुंद, सृष्टि बालिका मानस मंडली सिंगदेही भखारा की प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में निषाद समाज एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## बोरिदखुर्द में मानसगान प्रतियोगिता का समापन आज

- लोक चिन्हारी भरथरी की होगी प्रस्तुति

**धमतरी।** ग्राम बोरिदखुर्द में मड़ई मेला के अवसर पर श्री नवयुवा मां शीतला मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा त्रिदिवसीय दिव्य संगीतमय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार की शाम मुख्य अतिथि जगदीश रामू रोहरा महापौर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जपं ने की। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस मानस मंडलियों ने प्रस्तुति दी। पावन गंगा महिला मानस परिवार मठपुरैना रायपुर की सुनीता साहू की पंडवानी हुई। ग्राम पंचायत बोरिदखुर्द के सरपंच जागेश्वर नेताम ने बताया कि आयोजन का समापन रविवार की रात्रि होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता दिव्यांशु साहू अधिवक्ता करेंगे। विशिष्ट अतिथि शत्रुघनसिंह साहू, दीपकसिंह ठाकुर हिन्दू जागरण मंच छग प्रांत युवा आवाम, राकेश मौर्य, पवन गुप्ता, दिव्यांश दुलानी व भूपेंद्र होंगे। समापन अवसर पर लोक चिन्हारी भरथरी सिकोसा हेमलता पटेल की प्रस्तुति होगी। आयोजन में गौतम साहू, जागेश्वर नेताम, सितेश नेताम, आशीष पटेल, कमलनारायण साहू, रूपेश साहू, नीरज सिन्हा, रमेश सोनवानी, लोकेश साहू, गुरुदयाल हेवार, हिमेश चक्रधारी, तिलक पटेल, भूपेंद्र साहू, मुकेश साहू , नोहरसिंह नेताम, मनोहर सिन्हा, यशवंत साहू पंच सहित अन्य जुटे हुए हैं।

# पुल के बनने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आयाम

# महानदी मुख्य नहर पर मार्च तक तैयार होगा पुल, 5.34 करोड़ आयेगी लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रुद्री बरॉज और आसपास के ग्रामीण अंचल के लिए लंबे समय से आवश्यक माने जा रहे पुल निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है। महानदी मुख्य नहर पर बन रहा यह पुल पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नया आयाम देगा। करीब 5.34 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह पुल मार्च 2026 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

वर्तमान में इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है। पुल के अभाव में रुद्री, बेंद्रानवागांव, अछोटा सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को लंबा और जोखिम भरा रास्ता अपनाना पड़ता है। पुल के निर्माण से न केवल दूरी कम होगी, बल्कि दैनिक आवाजाही सुरक्षित और सुगम हो सकेगी।

यह पुल क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और मरीजों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। समय और ईंधन की बचत के साथ-साथ कृषि उपज के परिवहन और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा रुद्री बरॉज जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल तक पहुंच आसान होने से पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि की संभावना है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बेंद्रानवागांव चौक से बांध तक तथा बरॉज से अछोटा तक पहुंच मार्ग को भी सुदृढ़ करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है, जिससे यातायात का दबाव संतुलित किया जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से पुल के समीप प्रोटेक्शन वॉल का निर्माण भी आवश्यक माना जा रहा है, ताकि बरसात और जलप्रवाह के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।

जानकारी के अनुसार पुल निर्माण कार्य का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य समय सीमा के भीतर पूरा होने के बाद यह पुल क्षेत्र के विकास और जनसुविधा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

# दुख मनुष्य को भीतर से मजबूत बनाता है : विजयानंद गिरि



- हेरिटेज साहू सदन में दुर्लभ सत्संग का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आमंत्रण हेरिटेज साहू सदन रुद्री में आयोजित दुर्लभ सत्संग का सप्तम एवं अंतिम दिवस श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक शांति के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने ऋषिकेश से पहुंचे स्वामी विजयानंद गिरि महाराज के प्रवचनों का लाभ प्राप्त किया।

अंतिम दिवस स्वामीजी महाराज ने कहा कि अब समय आ गया है कि केवल ज्ञान को सुनने तक सीमित न रहकर उसे जीवन में उतारा जाए। उन्होंने दुख के महत्व को बताते हुए कहा कि दुख मनुष्य को भीतर से मजबूत बनाता है और आत्मबोध की ओर अग्रसर करता है। स्वामीजी ने स्पष्ट किया कि भगवान कोई करने का विषय नहीं, बल्कि स्वीकार करने का विषय है। पूर्ण समर्पण और स्वीकार भाव से ही वास्तविक शांति की अनुभूति संभव है। सत्संग के दौरान एक भावुक क्षण तब आया जब प्रवचन के बीच दो गाय मंच के समीप आकर शांत भाव से आगे बढ़ गईं, जिससे पूरा पंडाल अलौकिक शांति से भर गया। कार्यक्रम के

### गौ सेवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष ने लिया सत्संग का लाभ लिया

सत्संग कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बिसेसर पटेल शामिल हुए। उन्होंने सत्संग का लाभ लिया। इस दौरान अशोक राजपूत, माधव पवार, गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी, अवनेन्द्र साहू, उमेश साहू, शेषनारायण गजेन्द्र, पिंकू साहू, शंकर साहू, करण साहू, उत्तर साहू, बाल गोपाल खंडेलवाल, दिलीपराज सोनी, दिनेश साहू, नोहर देवांगन, महेश शर्मा, केदारनाथ, राकेश जाधव, मनीषा साहू, पूजा साहू, अर्चना साहू, भालेश्वरी साहू, लीना भारती सिन्हा सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# प्रभु राम के आदर्शों से ही अखंड भारत की परिकल्पना : पं. शर्मा

- हाटकेश्वर वार्ड में रामचरितमानस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के हाटकेश्वर वार्ड में नागेश्वर मानस प्रचार समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय रामचरितमानस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन धर्मप्रेमी पंडित राजेश शर्मा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के बिना भारत की परिकल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि अखंड भारत के निर्माण की सशक्त और सार्थक नींव प्रभु राम के जीवन चरित्र और रामायण ग्रंथ में निहित है। यदि हम ईमानदारी और निष्ठा के साथ इन आदर्शों को आत्मसात करें, तो भारत पुनः विश्व गुरु बनकर संपूर्ण मानव समुदाय का मार्गदर्शन कर सकता है।

पार्षद हिमानी साहू ने कहा कि धार्मिक मंच सदैव जीवन को सार्थक संदेश देकर समाज को खुशहाली की दिशा में ले जाता है। उन्होंने बताया कि रामचरितमानस जहां आदर्श जीवन चरित्र के निर्माण की प्रेरणा देता है, वहीं श्रीमद्भागवत गीता कर्म की प्रधानता और शाश्वत ज्ञान का दर्शन कराते हुए जीवन की निराशा को आशा में बदलने का कार्य करती है। भगवान श्रीकृष्ण का गीता उपदेश आज भी मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने की। पार्षद कुलेश सोनी ने धार्मिक आयोजनों को समाज को जोड़ने वाला बताया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका भगत साहू ने निभाई। उद्घोषक निरंजन साहू (ठहाका) रहे। आयोजन में झम्मन साहू रामायणी एवं शिक्षक एमएस दास का भी विशेष योगदान रहा।

## भेण्डसर में श्रीमद भागवत महापुराण 27 से

**अंवरी।** ग्राम भेण्डसर निवासी लोकेश्वर साहू द्वारा अपने माता-पिता स्व. पुनारदराम साहू, स्व. नीराबाई साहू की स्मृति में श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 27 जनवरी से 3 फरवरी तक किया जा रहा है। कथावाचक राष्ट्रीय संत सर्वेश्वरानंद सरस्वती महाराज चित्रकूट (मध्यप्रदेश) होंगे।

## जिला अस्पताल के साईं मंदिर का स्थापना दिवस 30 को

**धमतरी।** इस वर्ष भी जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित श्री साईं बाबा मंदिर में श्री महायोगी राज साईं बाबा का 26वां स्थापना दिवस 30 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह अभिषेक पूजा एवं हवन होगा। दोपहर में प्रसादी वितरण एवं शाम को महाआरती होगी। ओम श्री साईं सेवा समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।







# गणतंत्र दिवस समारोह की हुई अंतिम रिहर्सल



- कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर होंगे समारोह के मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में 26 जनवरी को गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया।

स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल परिसर में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर ध्वजारोहण करेंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में पूर्वाभ्यास के दौरान मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के



अनुसार बतौर मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर का मंच पर आगमन, परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण का अभ्यास, मुख्यमंत्रीजी के संदेश का वाचन, 14 प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़ने, पुरस्कार वितरण, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# देवांगन समाज ने मां परमेश्वरी महोत्सव धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बसंत पंचमी पर देवांगन कल्याण समाज हटकेशर ने मां परमेश्वरी महोत्सव धूमधाम से मनाया। शुक्रवार को हटकेशर स्थित देवांगन समाज भवन में सुबह 9 बजे मां परमेश्वरी की विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ हवन किया गया। दोपहर को देवांगन भवन से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं पीली साड़ी पहनकर शामिल हुईं। शोभायात्रा बाजार चौक, पुराना मंडी , नाका चौक, कांटा तालाब, देवांगन चौक होते हुए वापस भवन पहुंची। शोभायात्रा में मां परमेश्वरी की पालकी का जगह-जगह स्वागत तथा पूजा पाठ किया गया। बच्चों और महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर भ्रमण किया। धुमाल के धार्मिक संगीत में युवा खूब झूमे। इस अवसर पर पूर्व महापौर एवं जिला देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष विजय देवांगन, हटकेशर देवांगन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल देवांगन, पार्षद पूर्णिमा देवांगन, पूर्व पार्षद भरत देवांगन, नारायण देवांगन, यशवंत देवांगन, प्रीतम देवांगन, सुनील देवांगन, भगवान देवांगन, बिमला देवांगन, रेवती देवांगन सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए।

